भारत के उप -राष्ट्रपति का सचिवालय
SECRETARIAT OF THE VICE- PRESIDENT OF INDIA
नई दिल्ली -110001 (भारत)
NEW DELHI – 110001 (INDIA)

**फाइल संख्या वीपीएस-55/1-आरटीआई/54/2024-2025** **23 जनवरी, 2024**

सेवा में,

श्री वीरपाल उर्फ बॉबी
लायन सेना ट्रस्ट
19/150, सैक्टर-5, डॉ. अंबेडकर नगर
नई दिल्ली-110062

**विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना हेतु।**

महोदय,

उक्त विषय में कृपया आपने दिनांक 23.12.2024 का पत्र जो इस सचिवालय में 24.12.2024 को प्राप्त हुआ है जिसके साथ दस रूपये का पो॰आ॰सं॰ 65एफ़ 127231 संलग्न कर बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करने हेतु निवेदन किया है।

इस विषय में आपको अवगत करना है कि आपके द्वारा मांगी गई सूचना का विषय इस सचिवालय से संबन्धित नहीं है। इस कारण यह सचिवालय आपको किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना दे पाने में असमर्थ है।

उपरोक्त के आलोक में, यह सूचित किया जाता है कि आरटीआई माध्यम से शिकायत दर्ज करना और/या संबंधित सार्वजनिक प्राधिकरण से संबंधित आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 2 (च) के तहत परिभाषित जानकारी के अलावा अन्य विवरण मांगना आरटीआई के दायरे में नहीं आता है।

अतः आपको परामर्श है कि आप इस विषय में सीधे संबन्धित राज्य/मंत्रालय/विभाग से संपर्क करें।

**(सरिता चौहान)**
**केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी**

65F - 127231
RTI - 54

Regd. No. 2024/7/IV/360

# LION SENA TRUST

19/150, Ambedkar Nagar (Dakshinpuri) Extn.
New Delhi - 110062, Ph.: 8595615036, 9315254104

Ref No. 0012 L.S.T. Date: 23-12-2024

Vice President's Secretariat, Dy. No. 29, Date 24/12/24, New Delhi

सेवा में

श्रीमान जन सूचना अधिकारी
उपराष्ट्रपति महोदय
भारत सरकार, नई दिल्ली

विषयः जन सूचना अधिकार नियम 2005 के तहत निम्नलिखित जानकारी हेतु प्रार्थना पत्र।

1. इस भारत देश में संस्कार और संस्कृति का मतलब क्या है? बेटी पढाओ बेटी बचाओ अभियान का मतलब क्या है? संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से और माननीय प्रधानमंत्री जी से जानकारी चाहिए।
2. राजधानी दिल्ली और सम्पूर्ण भारत देश में यदि भारत देश की बेटियां भारत देश में मसाज पार्लरो में वेश्यावृत्ति का काम ऐसे ही करती रहीं जैसे आज कर रही हैं तो वो दिन दूर नही है जिस दिन सम्पूर्ण ससांर में भारत देश वेश्याओं का देश कहलायेगा। मैं भारतीय शोधकर्ता वीरपाल उर्फ बॉबी मुझे भारत सरकार से, दिल्ली सरकार से और राज्यों की सरकारों से ये जानकारी चाहिए भारत देश की बेटियों को खुलेआम मसाज पार्लरों में वेश्यावृत्ति का काम करने का आदेश इस भारत देश में किसने दिया है। इन मसाज पार्लरों को बंद कर देना चाहिए, क्या माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के पास, माननीय मुख्य न्यायधीश उच्चतम न्यायालय के पास भारत देश में हो रही वेश्यावृत्ति को रोकने के लिए कोई कानून है?? या नही है?? जन सूचना अधिकारी जी से जानकारी चाहिए।
3. बेटी पढाओ बेटी बचाओ, क्या ये बोलना भारत देश में सही है क्या। भारत सरकार इस विषय पर ध्यान देती है? यदि भारत सरकार बेटी पढाओ बेटी बचाओ अभियान पर ध्यान देती है तो पढने लिखने के बाद भी भारत देश की बेटियां वेश्यावृत्ति

की ओर क्यों बढ रही हैं? आज भारत देश की बेटियां राजधानी दिल्ली और सम्पूर्ण भारत देश में खुलेआम वेश्यावृत्ति का काम कर रही हैं। पढने लिखने के बाद भी ये भारत देश की बेटियां वेश्यावृत्ति की ओर क्यों बढ रही हैं। क्या भारत सरकार के पास इनको देने के लिए कोई रोजगार है? या नही है? भारत देश की बेटियां वेश्यावृत्ति की ओर बढ रही हैं। क्या भारत सरकार को, भारत देश के सभी अधिकारियों को, भारत देश की मीडिया को, भारत देश के माननीय प्रधानमंत्री जी को, भारत देश के मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों को, भारत देश के मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय को, भारत देश के गृह मंत्री अमित शाह जी को, भारत देश के माननीय कानून मंत्री जी को, और श्रीमान दिल्ली पुलिस कमिश्नर साहब को आगे आकर राजधानी दिल्ली और सम्पूर्ण भारत देश के मसाज पार्लरों में हो रही वेश्यावृत्ति पर रोक लगाने चाहिए? या नही लगानी चाहिए। जन सूचना अधिकारी जी से जानकारी चाहिए।

4. भारत देश की राजधानी दिल्ली और सभी राज्यों में भारत देश की बेटियों को मसाज पार्लरों में, बस्तियों में, महलो में और भारत देश की कालोनियों में खुलेआम वेश्यावृत्ति करने का आदेश किसने दिया? क्या इस आदेश को माननीय मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय, भारत सरकार ने दिया है? क्या इस आदेश को माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार ने दिया है? क्या इस आदेश को माननीय राष्ट्रपति भारत सरकार ने दिया है? क्या इस आदेश को माननीय उपराष्ट्रपति, भारत सरकार ने दिया है? क्या इस आदेश को भारत देश में बैठे सम्मानित पदों पर बैठे हुए अधिकारियों ने दिया है? क्या इस आदेश को श्रीमान दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने दिया है? क्या इस आदेश को माननीय माननीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया है? क्या इस आदेश को माननीय मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय, भारत सरकार ने दिया है? क्या इस आदेश को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिया है? क्या इस आदेश को सभी राज्यों के माननीय मंत्रियों एवं मुख्य मुख्यमंत्रियों ने दिया है? इस

भारत देश में भारत की बेटियां मजबूर, लाचार होकर खुलेआम राजधानी दिल्ली और सम्पूर्ण भारत देश में वेश्यावृत्ति का काम कर रही हैं और भारत सरकार आंखे होते हुए भी अंधी होकर सिर्फ और सिर्फ सब कुछ देख रही है। क्या ऐसे तरीके से भारत सरकार, भारत देश सम्पूर्ण विश्व में सुपर पॉवर देश बनायेगी? यदि भारत सरकार भारत देश की बेटियों को सही दिशा, सही मार्गदर्शन नही दे सकती है तो भारत देश के सभी अधिकारियों को, सभी मंत्रियों को, सभी मुख्यमंत्रियों को, भारत देश के माननीय प्रधानमंत्री को त्याग पत्र दे देना चाहिए? या त्याग पत्र नही देना चाहिए? जन सूचना अधिकारियों से जानकारी चाहिए।

भारतीय पोस्टल आर्डर नं0 65F127281 दिनांक 17-12-2024 रूपये 10/– इस पत्र में संलग्न कर आपकी सेवा में उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित कर रहा हूँ।

For LION SENA TRUST
Virpal
Founder, भवदीय


वीरपाल उर्फ बॉबी
भारतीय शोधकर्ता
लायन सेना ट्रस्ट (संस्थापक)
निवासी–19/150, सेक्टर–5
डॉ अम्बेडकर नगर
नई दिल्ली–110062
मो0 8595615036, 9773926657